266. राजस्थान की एस.डी.जी. रिपोर्ट किसके द्वारा जारी की जाती है?

(a) आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय
(b) प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग
(c) जनगणना कार्य निदेशालय, राजस्थान
(d) कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (a) : राजस्थान की एस.डी.जी. रिपोर्ट आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय द्वारा जारी की जाती है। राष्ट्रीय संकेतक ढाँचे की तर्ज पर राजस्थान सरकार के ''आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय'' के द्वारा एस.डी.जी. रिपोर्ट (राजस्थान सतत् विकास लक्ष्य सूचकांक 2.0) मार्च 2021 में जारी की गयी। जिसमें सर्वोच्च स्थान कोटा जिले को मिला।

267. राजस्थान के मुख्यमंत्री जिनका जन्म अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हुआ था–

(a) मोहना लाल सुखाड़िया (b) वसुंधरा राजे
(c) जगन्नाथ पहाड़िया (d) अशोक गहलोत

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (b) : राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का जन्म अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के दिन 8 मार्च 1953 को ग्वालियर राजघराने में हुआ था। जबकि उपर्युक्त अन्य मुख्यमंत्रियों का जन्म दिवस निम्नवत है-
अशोक गहलोत– 3 मई– 1951
जगन्नाथ पहाड़िया– 15 जनवरी– 1932
मोहन लाल सुखड़िया– 31 जुलाई– 1916

268. राजस्थान सरकार ने मुख्यमंत्री राजस्थान आर्थिक परिवर्तन सलाहकार परिषद का कार्यकाल कब तक के लिए बढ़ा दिया है।

(a) नवंबर 2022 (b) दिसंबर 2023
(c) सिंतबर 2023 (d) जून 2023

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (b) : राजस्थान आर्थिक परिवर्तन सलाहकार परिषद (Cmretac) का गठन राज्य सरकार द्वारा 7 मार्च, 2020 को किया गया था जिसका कार्यकाल मार्च, 2022 तक समाप्त होने वाला था, परन्तु 11 अप्रैल 2022 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस परिषद का कार्यकाल बढ़ाकर दिसम्बर 2023 तक कर दिया।

269. अगस्त 2022 में राजस्थान उच्च न्यायालय का कार्यकारी मुख्य न्यायमूर्ति किसे नियुक्त किया गया है?

(a) न्यायमूर्ति शिंदे संभाजी शिवाजी
(b) न्यायमूर्ति मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव
(c) न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां
(d) न्यायमूर्ति अमजद एहतेशाम सईद

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (b) : अगस्त 2022 में राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायामूर्ति मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव की नियुक्ति की गयी जो 2 अगस्त 2022 को सेवानिवृत्त हुए मुख्य न्यायाधीश संभाजी शिवजी शिंदे का स्थान लिया। वर्तमान में राजस्थान उच्च न्यायालय के 40वें मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति पंकज मिथल है।

270. राजस्थान सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिक तीर्थयात्रा योजना, 2022 में संशोधन के तहत वरिष्ठ नागरिक द्वारा 'सहायक' ले जाने के लिए उम्र 65 के स्थान पर ....पढ़ी जानी चाहिए।

(a) 70 (b) 60
(c) 65 (d) 67

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (a) : राजस्थान सरकार द्वारा चलाई जा रही वरिष्ठ नागरिक तीर्थयात्रा योजना में राज्य सरकर द्वारा 15 जून, 2022 में संशोधन कर वरिष्ठ नागरिक की उम्र 65 वर्ष से बढ़ाकर 70 वर्ष या अधिक कर दिया गया है। ऐसे वरिष्ठ नागरिक जो 70 वर्ष से अधिक हों और 60 वर्ष से अधिक आयु के दिव्यांगजन यात्री तीर्थयात्रा में अपने साथ किसी एक 'सहायक' को ले जा सकेगें। यह योजना राजस्थान के देवस्थान विभाग द्वारा संचालित की जा रही है।

271. जुलाई 2022 में, राजस्थान सरकार ने किस देश की 11 कंपनियों के साथ एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे 1338 करोड़ रूपए का निवेश होगा?

(a) अमेरिका (b) फ्रांस
(c) उत्तरी कोरिया (d) जापान

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (d) : जुलाई, 2022 में राजस्थान सरकार ने 'जापान' की 11 कम्पनियों के साथ राज्य में 1338 करोड़ रूपये के निवेश हेतु एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किये। उपरोक्त जापानी कम्पनियाँ स्किल डेवलपमेंट सेक्टर, पेट्रोकैमिकल्स, काम्प्लेक्स इन्वेस्ट आदि में निवेश करेंगी।

272. 'मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना' का संबंध है-

(a) कक्षा पहली से 8वीं तक के बच्चोंको गाय के महत्त्व के बारे मे बताना
(b) गाय पालकों को प्रोत्साहन देना
(c) कक्षा पहली से 8 वीं तक के बच्चों को हफ्ते में दो बार दूध उपलब्ध करवाना
(d) डेयरी उद्योग में युवाओं को प्रोत्साहित करना

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (c) : राजस्थान में 'मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना 2022 का शुभारम्भ मुख्यमंत्री के द्वारा 29 नवम्बर 2022 को जयपुर में किया गया। जिसके अन्तर्गत कक्षा एक से आठवीं तक के बच्चों को सप्ताह में दो बार (मंगलवार व शुक्रवार) दूध उपलब्ध करवाना है।